गृह मंत्रालय

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में कोविड टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया साथ ही कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया

इतनी बड़ी आबादी वाले देश में 18 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों को निशुल्क वैक्सीन लगाने का प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक बहुत बड़ा निर्णय लिया है

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्त्व में आज योग दिवस के अवसर पर कोरोना के विरुद्ध जंग का एक अहम पड़ाव शुरु हो रहा है

सभी नागरिकों को कोरोना के खिलाफ लड़ने के लिए ये टीका न केवल सहायक होगा बल्कि उनको बचाने में भी सक्षम होगा

मोदी सरकार देश के सभी नागरिकों के नि:शुल्क टीकाकरण के लिए कृतसंकल्प है

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारों ने कोरोना महामारी में भी विकास कार्यों की गति को रुकने नहीं दिया

केंद्रीय गृह मंत्री ने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लिया, कृषि उपज मंडी कलोल के पुनर्निर्मित भवन का लोकार्पण भी किया

गृहमंत्री श्री अमित शाह ने गांधीनगर संसदीय क्षेत्र में गुजरात हाउसिंग बोर्ड की सोसायटियों के पुनर्विकास को लेकर मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी, उपमुख्यमंत्री श्री नितिन पटेल और संबंधित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और साथ ही सोसायटियों के पुनर्विकास में गुजरात सरकार के प्रयासों की सराहना की

प्रविष्टि तिथि: 21 JUN 2021 7:10PM by PIB Delhi

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में कोविड टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया। श्री शाह ने अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे की शुरूआत करते हुए आज अहमदाबाद के बोडकदेव स्थित पंडित दीनदयाळ उपाध्याय हॉल में शुरू किये गए कोविड वैक्सीनेशन केंद्र का दौरा कर देशभर में आज से केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई वॉक-इन टीकाकरण की व्यवस्था का उद्घाटन किया। श्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 135 करोड़ जनसंख्या वाले देश के सभी नागरिकों के निशुल्क टीकाकरण का बहुत बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिसका आज योग दिवस के अवसर पर देश भर में अमलीकरण भी शुरू हो चुका है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार देश के सभी नागरिकों के नि:शुल्क टीकाकरण के लिए कृतसंकल्प है और मोदी जी के नेतृत्व में वैक्सीनेशन में भारत पहले ही विश्व में सबसे आगे था, अब हम इसकी रफ्तार को और तीव्र करेंगे।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज से देशभर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्त्व में कोरोना के खिलाफ जंग का एक अहम पड़ाव शुरु हो रहा है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री जी ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया था कि 21 जून यानि आज से देशभर में 18 वर्ष और उससे ऊपर आयु वर्ग के सभी लोगों को केंद्र सरकार की ओर से निःशुल्क टीका लगाया जायेगा और कोरोना वैक्सीनेशन की रफ्तार भी बढ़ाई जायेगी । श्री अमित शाह ने कहा कि मुझे आशा है कि देशभर के सभी नागरिकों को कोरोना के खिलाफ लड़ने के लिए ये टीका न केवल सहायक होगा बल्कि उनको बचाने में भी सक्षम होगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी जी के इस फैसले के कारण विश्वभर में वैक्सीनेशन के जितने भी क्रार्यक्रम चल रहे है, उसमें भारत पहले ही प्रति दस लाख के मानांक में सबसे उपर था, और अब हम बहुत तेजी से लगभग सभी देशवासियों को टीका लगाने के अपने लक्ष्य के आसपास पहुंच जाएंगे। श्री शाह ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मोदी जी के इस निर्णय से कोरोना के खिलाफ देश के नागरिकों को बचाने के लिये भारत सरकार ने जो कदम उठाया है, उससे सभी को राहत मिलेगी। श्री अमित शाह ने सभी नागरिकों से भी अपील की कि जो लोग पहला टीका लगा चुके है और सरकार की गाईडलाईन्स के अनुसार उनकी समय की मर्यादा पूरी हुई है, वो दूसरा टीका जरूर लगवाएं। श्री शाह ने कहा कि टीके की दोनों डोज लगाने के बाद ही हम कोरोना के खिलाफ अपने आप को सुरक्षित पा सकेंगे। श्री अमित शाह ने इस अवसर पर अपने गांधीनगर मत क्षेत्र तथा गुजरात की जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

श्री शाह ने कोलावाड़ा पटेल भगोल के पास पे-सेंटर स्कूल तथा रूपल स्थित वरदायिनी माता मंदिर के सामने प्राइमरी हेल्थ सेंटर में भी कोविड-19 टीकाकरण केंद्र का दौरा किया। श्री शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सभी केंद्रों पर कोविड प्रोटोकॉल के तहत समुचित व्यवस्थाएं की गई है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में कृषि उपज मंडी कलोल के पुनर्निर्मित भवन का भी आज लोकार्पण किया। श्री अमित शाह ने कहा कि इससे क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व गुजरात सरकार किसानों के कल्याण व समृद्धि के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रही है।

श्री अमित शाह ने एक अन्य कार्यक्रम में वैष्णोदेवी व खोडीयार कंटेनर फ्लाईओवर और पानसर रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा जिससे जनता को लाभ मिलेगा। इन विकास योजनाओं को कोरोनाकाल में भी समय पर पूरा करने पे मोदी जी के नेतृत्व में गुजरात सरकार के प्रयासों की सराहना करता हूँ।

गृहमंत्री श्री अमित शाह ने गांधीनगर संसदीय क्षेत्र में गुजरात हाउसिंग बोर्ड की सोसायटियों के पुनर्विकास को लेकर मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी, उपमुख्यमंत्री श्री नितिन पटेल और संबंधित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और साथ ही सोसायटियों के पुनर्विकास में गुजरात सरकार के प्रयासों की सराहना की।

***

एनडब्ल्यू/पीके/एडी/डीडीडी

(रिलीज़ आईडी: 1729141) आगंतुक पटल : 5